चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.8.25 | ५ | 1-2 |

# सीएम ने 450 उद्यमियों को दी 45 लाख की सहायता सामग्री



भास्कर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सायना नेहवाल संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा लगाई एक प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे बातचीत की। इसमें विश्वविद्यालय के इस संस्थान से प्रशिक्षण लेकर रोजगार शुरू करने वाले उद्यमी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने पांच प्रतिभागियों जिनमें फल एवं सब्जी परीरक्षण में भिवानी से ललिता, मशरूम उत्पादन में नांगला फतेहाबाद से पूनम, बेकरी में बास आजम शाहपुर हिसार से वंदना और दूध संवर्धित मूल्य उत्पाद में हिसार की सरला रानी को आयोजन स्थल पर ही सांकेतिक तौर पर सहायता सामग्री देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने संस्थान की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी दी। हरियाणा राज्य से ही नहीं बल्कि पूरे देश से युवा यहां प्रशिक्षण लेने आते हैं और विभिन्न विषयों पर 65-70 प्रशिक्षण प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं जिनकी अवधि 3-7 दिन की होती है। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में सायना नेहवाल संस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग के 450 प्रतिभागियों को 45 लाख रुपए की सहायता सामग्री मुख्यमंत्री ने प्रदान की।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.8.24 | 5 | 6-8 |

# मुख्यमंत्री ने सायना नेहवाल संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले 450 अनुसूचित जाति वर्ग के उद्यमियों को दी 45 लाख की सहायता सामग्री

हिसार, 22 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने हिसार दौरे के दौरान सायना नेहवाल संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा लगाई गई एक प्रदर्शनी का अवलोकन करके उनसे बातचीत की। इसमे विश्वविद्यालय के इस संस्थान से प्रशिक्षण लेकर रोजगार शुरू करने वाले उद्यमी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने पांच प्रतिभागियों जिनमे फल एवं सब्जी परीरक्षण में भिवानी से ललिता, मशरूम उत्पादन में नांगला फतेहाबाद से पूनम, बेकरी में बास आज़म शाहपुर हिसार से वंदना और दूध संवर्धित मूल्य उत्पाद मे हिसार की सरला रानी को आयोजन स्थल पर ही सांकेतिक तौर पर सहायता सामग्री देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी दी। हरियाणा राज्य से ही नहीं बल्कि पूरे देश से युवा यहां प्रशिक्षण लेने आते हैं और विभिन्न विषयों पर 65-70 प्रशिक्षण प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं जिनकी अवधि 3-7 दिन की होती है।

यह संस्थान सभी प्रतिभागगियों/उद्यमियों को हमेशा से जोड़कर उनका निरंतर विकास करने के लिए प्रेरित करता है। इस संस्थान की बदौलत कई युवक तथा युवतियां उद्यमिता में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में सायना नेहवाल संस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग के 450 प्रतिभागियों को 45 लाख रुपए की सहायता सामग्री मुख्यमंत्री ने प्रदान की। संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान 15 प्रशिक्षण अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं के लिए आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण सरकार की विभिन्न योजनाओ के तहत आयोजित किए गए थे जिसमे हरियाणा के कुल 450 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। यह प्रशिक्षण फल एवं सब्जी परीरक्षण, बेकरी, मशरूम उत्पादन, नर्सरी उत्पादन, दूध और दूध से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने, कटाई एवं सिलाई इत्यादि पर आयोजित किए गए थे। संस्थान द्वारा इन प्रशिक्षणों में प्रतिभागियों को अलग अलग विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान देकर उनका कौशल विकास किया गया। प्रशिक्षण से संबंधित इकाइयों का भी भ्रमण करवाकर व्यवहारिक ज्ञान दिया गया था।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहायता सामग्री वितरित करते हुए।

## कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दी संस्थान की गतिविधियों की जानकारी

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.8.25 | 5 | 1-5 |

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व उद्यमिता दिवस पर की बड़ी घोषणाएं

*** मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग की स्थापना की घोषणा की * राज्य सरकार हरियाणा को देश का नं. 1 स्टार्टअप हब बनाने हेतु प्रतिबद्ध : सैनी**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस समारोह में उपस्थिति को सम्बोधित करते हुए। (मध्य)समारोह में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। साथ हैं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, युवा सशक्तिकरण व उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम, विधायक रणधीर पनिहार, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर. कम्बोज व अन्य गणमान्य।

हिसार, 22 अगस्त (विरेन्द्र वंर्मा): राज्य में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करने हेतु हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार हरियाणा को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य राज्य में स्टार्टअप्स की संख्या को तीन गुना करना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह और कई अन्य घोषणाएं कीं। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लगभग 2,000 विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 100 सफल उद्यमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने एबीआईसी, सीसीएसएचएयू, हिसार के 22 स्टार्टअप्स को अनुदान राशि के रूप में 1,14,30,000 रुपये से अधिक का चेक प्रदान किया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर. कम्बोज स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों में स्टार्टअप आइडिया स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिला और राज्य स्तर पर विजेताओं को 1 करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि राज्य के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। युवाओं के कौशल की पहचान और विकास के लिए, जिला और राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष कौशल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत, 2,000 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 10,000 रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा।

उन्होंने अटल नवाचार मिशन के तहत स्कूलों और कॉलेजों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा रही हैं। ये लैब रटने की बजाय अनुभवात्मक, करके सीखने के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये लैब भविष्य के वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के लिए मददगार साबित होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23.8.25 | 3 | 4–6 |

## 450 अनुसूचित जाति वर्ग के उद्यमियों को दी 45 लाख रुपए की सहायता सामग्री

हिसार, 22 अगस्त (ब्यूरो): मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने हिसार दौरे के दौरान सायना नेहवाल संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा लगाई गई एक प्रदर्शनी का अवलोकन करके उनसे बातचीत की। इसमे विश्वविद्यालय के इस संस्थान से प्रशिक्षण लेकर रोजगार शुरू करने वाले उद्यमी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने पांच प्रतिभागियों, जिनमे फल एवं सब्जी परीरक्षण में भिवानी से ललिता, मशरूम उत्पादन में नांगला फ़तेहाबाद से पूनम, बेकरी में बास आजम शाहपुर हिसार से वंदना और दूध संवर्धित मूल्य उत्पाद मे हिसार की सरला रानी को आयोजन स्थल पर ही सांकेतिक तौर पर सहायता सामग्री देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में सायना नेहवाल संस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग के 450 प्रतिभागियों को 45 लाख रुपए की सहायता सामग्री मुख्यमंत्री ने प्रदान की।



*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहायता सामग्री वितरित करते हुए।*